# 5. जलवायु

❒ कौनसा राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाला आधारभूत तत्त्व है?[पशुधन सहायक- 21.10.2018]
(1) समुद्र से दूरी (2) समुद्र तल से ऊँचाई
(3) तापमान (4) वनस्पति
**Ans.** (3)

*व्याख्या – राजस्थान की जलवायु उपोष्ण जलवायु कहलाती है। राजस्थान का 99% भाग शीतोष्ण/उपोष्ण कटिबंध तथा 1% भाग उष्ण कटिबंध (कर्क रेखा के कारण डूँगरपुर, बाँसवाड़ा) में आता है।* ***राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक –***

• ***तापमान** (आधारभूत तत्त्व) – तापमान में अतिशयता ($49^0C$) व विविधता पायी जाती है।*

• ***राजस्थान की अक्षांशीय स्थिति :** यहाँ की जलवायु उष्ण-आर्द्र है।*

• ***महासागरीय भागों से दूरी :** राजस्थान कच्छ की खाड़ी से लगभग 225 किमी. तथा अरब सागर से लगभग 400 किमी. दूर स्थित है। अत: समुद्री तट से अधिक दूरी होने के कारण यह प्रदेश सागरीय सम प्रभाव से वंचित रह जाता है।*

• ***समुद्रतल से ऊँचाई :** राजस्थान का अधिकांश धरातलीय भाग समुद्रतल से 300 मी. से भी कम ऊँचा है। अत: इतनी कम ऊँचाई होने के कारण राजस्थान में तापमान की एक समान विशेषताएँ पायी जाती है।*

• ***अरावली पर्वतमाला :** अरावली पर्वतमाला के कारण दक्षिण-पूर्व में अधिक आर्द्रता व उत्तर-पश्चिम में अधिक शुष्कता विद्यमान है।*

• ***मरुस्थल :** राजस्थान के पश्चिम में थार मरुस्थल स्थित है, जो गर्मियों में अत्यधिक गर्म व सर्दियों में अत्यधिक ठण्डा हो जाता है।*

❒ **शीत ऋतु में पश्चिमी राजस्थान में अधिक ठंड पड़ने का प्रमुख कारण क्या है?** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018(I)]
(1) रेतीला धरातल होना (2) वन क्षेत्र का अधिक होना
(3) बर्फबारी होना (4) अधिक वर्षा होना
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **कौनसे कारक राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करते हैं?** [I Grade Teacher (GK) -11.10.2022]
**1. अक्षांशीय अवस्थिति 2. देशान्तरीय अवस्थिति**
**3. अरब सागर से दूरी 4. उच्चावच विशेषताएँ**
(1) 1, 4 (2) 1, 2, 3 (3) 1, 3, 4 (4) 2, 3, 4
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान का अधिकांश उच्चावचीय भाग औसत समुद्र तल से ....से....मीटर ऊपर की श्रेणी में आता है?** [III Grade (English) -27.02.2023]
(1) 250-300 (2) 200-250
(3) 450-500 (4) 150-200
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान राज्य का अधिकांश भाग निम्न में से किस जलवायु क्षेत्र के अंतर्गत आता है-** [पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)]
(1) टुण्ड्रा जलवायु क्षेत्र (2) भूमध्यरेखीय जलवायु क्षेत्र
(3) शीतोष्ण जलवायु क्षेत्र (4) ध्रुवीय जलवायु क्षेत्र
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **निम्न में कौनसा कारक राजस्थान की जलवायु को निर्धारित नहीं करता?** [पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)]
(1) पवन की दिशा (2) समुद्र से दूरी
(3) अक्षांशीय स्थिति (4) देशांतरीय स्थिति
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **भारत में उपलब्ध निम्न परिस्थितियों में से राजस्थान में सर्वाधिक रूप से उपलब्ध है-** [RAS Exam-1996]
(1) वायु तापमान में अतिशयता(2)निम्न सापेक्षिक आर्द्रता
(3)वर्षा में बहुत अधिक विषमता(4)सूर्य धूप की दीर्घावधि
**Ans.** (3)

***व्याख्या – वर्षा की अनिश्चितता, अनियमितता व असमानता-** यह राजस्थान में जलवायु की प्रमुख विशिष्टता है। यहाँ वर्षा होना निश्चित नहीं है। वर्षा राज्य में सर्वत्र समान नहीं होती। कहीं पर 100 से.मी. से अधिक वर्षा होती है, तो जैसलमेर जिले में 5 से.मी. से भी कम वर्षा होती है।*

❒ **राजस्थान की जलवायु दशाओं के सम्बन्ध में कौनसा कथन सत्य है-**[Librarian Garde-III Exam - 13.11.2016]
(1) राजस्थान की जलवायु दशाएँ तापमान और वर्षा की चरम सीमाओं से युक्त हैं।
(2) राज्य की जलवायु उष्ण-शुष्क प्रकार की है।
(3) राज्य में वर्षा की मात्रा दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ती जाती है।
(4) राज्य की जलवायु उष्ण-आर्द्र प्रकार की है।
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ कौनसा कारक राजस्थान की जलवायु को निर्धारित करने के लिए उत्तरदायी नहीं है? [CET -4.2.2023 (II)]
(1) तापमान (2) समुद्र से दूरी
(3) प्रचलित पवनें (4) वर्षा का समान वितरण
Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ सर्दियों में, भू-मध्य सागर में चक्रवातों के कारण, राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी भाग में वर्षा होती है, जिसे.....कहा जाता है-[EO & RO - 14.05.2023 (S - I)]
[जेल प्रहरी परीक्षा 21-10-2018, Shift -III]
[पशु परिचर-2.12.2024 (S-II)] [अन्वेषक - 27.12.2020]
[पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)][पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)]
(1) माघा (2) वृष (3) मावठ (4) रब्शा
Ans. (3)

*व्याख्या -सर्दियों ( दिसम्बर-जनवरी ) में भूमध्यसागरीय चक्रवातों ( पश्चिमी विक्षोभों ) के कारण उत्तरी व पश्चिमी राजस्थान में वर्षा होती है, जिसे महावट/मावठ कहा जाता है। यह वर्षा गंगानगर में गेहूँ, जौ, चना, सरसों, किन्नू, माल्टा आदि फसलों के लिए बहुत उत्तम ( रबी फसल हेतु गोल्डन ड्रॉप ) रहती है। उत्तरी भारत के पहाड़ी भागों में बर्फ के गिरने एवं ठण्डी हवाओं के चलने से उत्तरी राजस्थान में रात्रि में कई बार 'पाला' [Frost] पड़ ( पानी जम जाता है ) जाता है।*

❒ राजस्थान में शीतकाल में होने वाली वर्षा ( मावठ ) किन कारणों से होती है? [A. Jailor Exam, 2004]
[RPSC III Grade Teacher Exam-2004, 2009]
[कृषि पर्यवेक्षक- 18.09.2021] [II Grade (Eng.) 2011]
[राज. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा-2014]
[II Grade GK - 22.12.2022] [Asst. Jailer-15.03.2016]
(1) दक्षिणी-पश्चिमी मानसूनी हवाओं के कारण
(2) पश्चिमी विक्षोभ के कारण
(3) पछुआ हवाओं के कारण
(4) हिमालय से टकराकर वापस लौटती मानसूनी हवाओं के कारण
Ans. (2)*व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ चक्रवातों को ... कहते हैं- [उद्योग निरीक्षक परीक्षा-24.06.2018]
(1) लू (2) गरज बौछार (3) मावठ (4) ओलावृष्टि
Ans. (3)*व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ 'मावठ' क्या है? [Police Constable Exam- 2013]
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम) 15.9.2019]
[छात्रावास अधीक्षक-2008][JEN (यांत्रिकी) डिग्री-13.12.2020]
(1) राजस्थान के पहाड़ी क्षेत्रों में पैदा होने वाली वनस्पति
(2) राजस्थान में शीत ऋतु में होने वाली वर्षा
(3) सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पशुओं के लिये उगाया जाने वाला चारा
(4) रेगिस्तानी क्षेत्र में चलने वाली गर्म लू
Ans. (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में शीतकाल में वर्षा करने वाले विक्षोभों की उत्पत्ति होती है: [RPSC LDC, 11 Jan 2014]
[JEN (यांत्रिकी/विद्युत) डिग्री -26.12.2020]
(1) भूमध्य सागर एवं कैस्पियन सागर (2) अरब सागर
(3) लाल सागर (4) बाल्टिक सागर
Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में शीतकालीन वर्षा होती है-
[वनरक्षक-11.12.2022(S-I)]
[JEN (Diploma) - 21.08.2016]
[JEN Diploma (TSP) Exam - 16.10.2016]
(1) लौटते मानसून से (2) दक्षिण-पश्चिम मानसून से
(3) उत्तर-पूर्व मानसून से (4) भूमध्यसागरीय चक्रवातों से
Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान की निम्न में से कौनसी फसल मावठ से लाभान्वित नहीं होती है? [स्कूल व्याख्याता-06.01.2020]
(1) गेहूँ (2) चना (3) सरसों (4) कपास
Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्नलिखित में से मावठ द्वारा लाभार्थी फसल कौनसी नहीं है? [VDO Mains -9.7.2022]
[PTI (Grade-III)-25.9.2022]
(1) चना (2) गेहूँ (3) मूँगफली, मक्का (4) सरसों
Ans. (3)*व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान की सर्दियों की वर्षा मुख्यतः होती है-
[II Grade (Urdu) - 2011] [E.O. Exam, 2007]
(1)उत्तरी-पूर्वी हवाओं से(2)दक्षिणी-पश्चिमीहवाओं से
(3) संवहनी धाराओं से (4) उत्तरी-पश्चिमी हवाओं से
Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभों से वर्षा किन महीनों में होती है? [VDO Mains -09.07.2022]
(1) जुलाई और अगस्त (2) अप्रैल और मई
(3) सितम्बर और अक्टूबर (4) दिसम्बर और जनवरी
Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ वर्षा ऋतु में मानसून हवाओं की दिशा होती है- [महिला पर्यवेक्षक परीक्षा (Non-TSP) - 29.11.2015] [RAS Pre. Exam-2009]

(1) उत्तर से दक्षिण (2) उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम
(3) दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व (4) दक्षिण से उत्तर

Ans. (3)

*व्याख्या - वर्षा ऋतु (मध्य जून से सितम्बर तक) - राजस्थान में मानसून वर्षा दक्षिण-पश्चिमी मानसून से होती है। दक्षिण - पश्चिमी मानसून की दो शाखाएँ राजस्थान में प्रवेश करती हैं- (1) अरब सागरीय शाखा, (2) बंगाल की खाड़ी शाखा। इन दोनों शाखाओं में से सर्वप्रथम अरब सागरीय मानूसन से बाँसवाड़ा में वर्षा होती है। इसीलिए बाँसवाड़ा को* ***'मानसून का प्रवेशद्वार'*** *कहा जाता है। अरब सागरीय मानसून सर्वप्रथम बाँसवाड़ा में प्रवेश कर राजस्थान के दक्षिणी हिस्सों (डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, उदयपुर, सलूम्बर, सिरोही) में वर्षा करता है। अरबसागरीय मानसून से राजस्थान में लगभग 10% वर्षा होती है। दक्षिण-पश्चिमी मानूसन की बंगाल की खाड़ी शाखा से आने वाली मानसूनी हवाओं को 'पुरवैया'/'परवाई' (राजस्थान में पूर्व से पश्चिम) कहते हैं। दक्षिण-पश्चिम से चलने वाली ये जल भरी हवाएँ, जो हिंद महासागर से आती हैं, इनके प्रवाह की दिशा दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर होती है, अतः उनको 'दक्षिणी-पश्चिमी मानसून' नाम से पुकारते हैं। इससे राजस्थान में 90% वर्षा होती है। बंगाल की खाड़ी शाखा का सर्वप्रथम प्रवेश झालावाड़ (हाड़ौती पठार) से होता है।*

❒ पुरवाई से तात्पर्य है- [Assistant Agri. Officer -28.05.2022]

(1) हवा पूर्व से पश्चिम की ओर चल रही है।
(2) हवा पश्चिम से पूर्व की ओर चल रही है।
(3) हवा दक्षिण से पूर्व की ओर चल रही है।
(4) हवा उत्तर से पूर्व की ओर चल रही हैं।

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ सामान्यतः राजस्थान में दक्षिणी-पश्चिमी मानसून की अवधि होती है- [JEN (यांत्रिकी) डिप्लोमा -13.12.2020] [III Grade (Sanskrit) -27.02.2023]

(1) जून से अक्टूबर (2) जून से सितम्बर
(3) जुलाई से अक्टूबर (4) मई से अगस्त

Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में होने वाली वर्षा के लिए उत्तरदायी ग्रीष्मकालीन मानसूनी पवनें किस महासागर से आती हैं? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018 (II)]

(1) प्रशांत महासागर (2) हिन्द महासागर
(3) अटलांटिक महासागर (4) आर्कटिक महासागर

Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्नलिखित में से राजस्थान का कौनसा क्षेत्र मानसून की अरब सागर शाखा से अधिकतम वर्षा प्राप्त करता है- [प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021] [पशु परिचर-2.12.2024 (S-II)]

(1) उत्तर तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (2) पूर्वी क्षेत्र
(3) मध्य अरावली (4) दक्षिण तथा दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र

Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान के कौनसे भाग में अधिकतम वर्षा प्राप्त होती है? [पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)]

(1) दक्षिणी राजस्थान (2) उत्तरी राजस्थान
(3) पूर्वी राजस्थान (4) पश्चिमी राजस्थान

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में अधिकतम वर्षा.... से प्राप्त होती है- [पशु परिचर-2.12.2024 (S-I)]

(1) दक्षिण-पश्चिमी मानसून (2) दक्षिण-पूर्वी मानसून
(3) पूर्वी-पश्चिमी मानसून (4) उत्तरी-दक्षिणी मानसून

Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्नलिखित में से कौनसे जिलों का समूह सर्वाधिक औसत वार्षिक वर्षा प्राप्त करता है- [योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी-10.3.2021]

(1) झालावाड़ तथा बाँसवाड़ा (2) उदयपुर तथा भीलवाड़ा
(3) बूँदी और कोटा (4) भरतपुर तथा करौली

Ans. (1)

*व्याख्या : अरब सागरीय मानसून से सर्वाधिक औसत वर्षा बाँसवाड़ा तथा बंगाल की खाड़ी मानसून से सर्वाधिक औसत वर्षा झालावाड़ में होती है।*

❒ किस दिशा (Direction) में राजस्थान में वर्षा की मात्रा में वृद्धि होती है? [E.O. Exam, 2007]

(1) दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व
(2) दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम
(3) उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व (4) दक्षिण से उत्तर

Ans. (3)

*व्याख्या - राजस्थान में मानसूनी वर्षा दक्षिणी-पूर्वी भाग से उत्तरी -पश्चिमी भाग की ओर वर्षा लगातार कम होती जाती है अर्थात् वर्षा की मात्रा वृद्धि की दिशा उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व की ओर है।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ **राजस्थान का वह जिला, जिसमें औसत वर्षा सबसे अधिक होती है, है ?** [III Grade Teacher-2004] [CET : 08.01.2023 (S-II)] [जेल प्रहरी-27-10-2018, Shift -I] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (II)] [II Grade (SST.) -13.02.2023]

(1) भरतपुर (2) बाँसवाड़ा (3) झालावाड़ (4) सिरोही

**Ans. (3)**

*व्याख्या -सर्वाधिक वर्षा ( लगभग 100 सेमी. ) व सर्वाधिक आर्द्रता वाला जिला झालावाड़ है।*

❐ **राज्य का आर्द्र जिला कहलाता है-** [II Grade Teacher (S.St.) Exam 2011] [III Grade (Punjabi) -28.02.2023]

(1) उदयपुर (2) झालावाड़ (3) बाँसवाड़ा (4) चित्तौड़गढ़

**Ans. (2)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान में सर्वाधिक वार्षिक वर्षा किस स्थान पर होती है?** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (I)] [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम) 15.9.2019] [ARO - 28.8.2022][राजस्थान पुलिस-13.5.2022 (S-II)] [III Grade (Punjabi) -28.02.2023]

(1) माउंट आबू (2) भोराट पठार (3) फलौदी (4) फतेहपुर

**Ans. (1)**

*व्याख्या : सिरोही जिले में स्थित माउंट आबू अधिक वर्षा ( औसत 150 सेमी. ) होने के कारण सर्वाधिक आर्द्रता वाला एवं राजस्थान का न्यूनतम तापान्तर वाला स्थान है। वर्षा ऋतु में वर्षा होने वाले दिनों की सर्वाधिक संख्या माउण्ट आबू ( 48 दिन ) में है।*

❐ **निम्नलिखित में से राजस्थान के किस जिले में जून का औसत न्यूनतम तापमान दर्ज किया जाता है?** [Assist. Professor-8.9.2024]

(1) कोटा (2) सिरोही (3) झालावाड़ (4) गंगानगर

**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **निम्नलिखित में से किस क्षेत्र की जलवायु बहुत आर्द्र है?** [EO & RO - 14.05.2023 (S - II)]

(1) बाड़मेर (2) जैसलमेर
(3) सिरोही (4) बीकानेर

**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान में कम वर्षा का कारण अरावली पर्वतमाला की निम्न में से कौनसी स्थिति के कारण है?** [Police Constable Exam-2007(II)]

(1) इसका मानसून के समानान्तर होना
(2) मानसून दिशा के विपरीत होना
(3) शृंखला में कटाव होना
(4) शृंखला का वनस्पति विहीन होना

**Ans. (1)**

*व्याख्या - राजस्थान के मध्यवर्ती भाग में अरावली पहाड़ियों की लम्बी शृंखला है जो दक्षिण-पश्चिम में सिरोही जिले से लेकर खेतड़ी तक फैली हुई है। अरावली पर्वत शृंखला राजस्थान की महान् जल व जलवायु विभाजक है। अरावली की कम ऊँची व वायु की दिशा के समानान्तर स्थिति होने से मानसूनी वर्षा का राजस्थान को आंशिक लाभ ही मिल पाता है।*

❐ **1000 मिलिबार की समदाब रेखा जुलाई माह में गुजरती है:** [द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-2014]

(1) सिरोही, उदयपुर, प्रतापगढ़ और झालावाड़ से
(2) सिरोही, चित्तौड़गढ़, कोटा और बाराँ से
(3) जालोर, पाली, अजमेर एवं करौली से
(4) उदयपुर, चित्तौड़गढ़, कोटा एवं बाराँ से

**Ans. (1)**

*व्याख्या -राजस्थान में जुलाई से सितम्बर माह तक सबसे अधिक आपेक्षित आर्द्रता होती है। राजस्थान के जुलाई माह में 1000 मिलिबार की समदाब रेखा सिरोही, उदयपुर, सलूम्बर, प्रतापगढ़ और झालावाड़ से तथा 999 मिलिबार रेखा जालौर, ब्यावर, स.माधोपुर, पाली, अजमेर व टोंक जिलों में से गुजरती है।*

❐ **जुलाई माह की 999 मिलीबार की समदाब रेखा किन जिलों से गुजरती है?** [Asstt. Fire Officer -29.1.2022]

(1) बाड़मेर-नागौर-चूरू (2) जैसलमेर-बीकानेर-गंगानगर
(3) जालौर-पाली-अजमेर (4) सिरोही-उदयपुर-झालावाड़

**Ans. (3)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान में न्यूनतम औसत वार्षिक वर्षा के जिले को मानचित्र में किस संख्या से अंकित किया गया है?** [RPSC III Grade Teacher Exam-2009]




(1) 4 (2) 3 (3) 1 (4) 2

**Ans. (1)**

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या - मानचित्र में प्रदर्शित अंक (4) न्यूनतम औसत वर्षा वाले जिले जैसलमेर को दर्शा रहा है।*

❑ राजस्थान में निम्नलिखित में से किस जिले में वार्षिक वर्षा में अधिकतम विषमता पायी जाती हैं?
[प्रयोगशाला सहायक-03.02.2019] [R.A.S. Pre. 1994]
[III Grade (Hindi) -26.02.2023]

(1) बाड़मेर (2) जयपुर (3) जैसलमेर (4) बांसवाड़ा

**Ans. (3)**

*व्याख्या - जलवायु में सर्वाधिक विषमता वाला जिला जैसलमेर (कम वर्षा) है।*

❑ राजस्थान के .....जिले में सबसे अधिक दैनिक तापान्तर पाया जाता है- [उद्योग प्रसार अधिकारी-22.08.2018]

(1) श्रीगंगानगर (2) चूरु (3) जैसलमेर (4) जोधपुर

**Ans. (3)**

*व्याख्या : राजस्थान का सर्वाधिक दैनिक तापांतर पश्चिमी क्षेत्र (जैसलमेर) में रहता है।*

❑ पश्चिम की तुलना में पूर्वी राजस्थान में जलवायु चरम सीमाएँ....है। [EO & RO - 14.05.2023 (S - I)]

(1) निम्नतर (2) उच्चतर (3) समान (4) अप्रत्याशित

**Ans. (1)** *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान में न्यूनतम दैनिक तापान्तर कौन से महिनों में पाया जाता है? [स्कूल व्याख्याता परीक्षा-03.01.2020]

(1) जनवरी एवं फरवरी (2) मई एवं जून
(3) जुलाई एवं अगस्त (4) अक्टूबर एवं नवम्बर

**Ans. (3)**

*व्याख्या-राजस्थान में ग्रीष्म ऋतु में दैनिक तापांतर अधिक एवं वर्षा ऋतु में दैनिक तापांतर न्यूनतम होता है।*

❑ राजस्थान में सम्भाव्य वाष्पीकरण - वाष्पोत्सर्जन की वार्षिक दर सर्वाधिक किस जिले में है?
[II Grade GK -31.10.2018]

(1) गंगानगर (2) कोटा (3) डूंगरपुर (4) जैसलमेर

**Ans. (4)**

*व्याख्या : राजस्थान में सम्भाव्य वाष्पीकरण - वाष्पोत्सर्जन की वार्षिक दर सर्वाधिक जैसलमेर में तथा सबसे कम बाँसवाड़ा जिले में है।*

❑ राजस्थान में जनवरी में न्यूनतम तापमान निम्नलिखित में से किस जिले में अंकित किया जाता है?
[PTI (Grade-II)-30.04.2023]

(1) जैसलमेर (2) पाली (3) गंगानगर (4) भीलवाड़ा

**Ans. (3)**

❑ निम्न में से 20वीं शताब्दी में सर्वाधिक तापमान ... ..में अंकित किया गया। [III Grade (English) -27.02.2023]

(1) चूरू (2) धौलपुर (3) अलवर (4) फलौदी

**Ans. (3)**

*व्याख्या - 20वीं सदी में राजस्थान में सर्वाधिक तापमान रिकॉर्ड किए गए स्थान क्रमशः गंगानगर (50.6°C, 14 जून, 1934 को), अलवर (50.6°C, 10 मई, 1956 को) एवं धौलपुर (50°C, 3 जून, 1995 को) है।*

❑ राजस्थान में सबसे अधिक गर्मी किस महीने में होती है? [पटवार परीक्षा - 2011]

(1) अप्रैल (2) जून (3) मई (4) जुलाई

**Ans. (2)**

*व्याख्या - राजस्थान में ग्रीष्म ऋतु मार्च के आरम्भ से जून तक रहती है। कर्क रेखा जो राज्य के दक्षिण से होकर गुजरती है, पर 21 मार्च को प्रकाश की अवधि की वृद्धि और प्रकाश की किरणों का कोण सीधा बनने लगता है जिसके फलस्वरूप राज्य में मार्च से जून तक तापमान उत्तरोत्तर बढ़ता जाता है। जून के महीने में तो उच्चतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से 48 डिग्री सेल्सियस तक हो जाता है। इस ऋतु में वायुदाब के परिणामस्वरूप तेज हवाएँ या आँधियाँ चलती है।*

❑ राजस्थान में जून माह में न्यूनतम वायुदाब जिस जिले में सम्भावित है, वह है: [R.A.S. Pre Ex., 2010]
[JEN (विद्युत) डिप्लोमा -29.11.2020]

(1) बूँदी (2) बारां (3) जैसलमेर (4) राजसमन्द

**Ans. (3)**

*व्याख्या : सूर्य 21 जून को कर्क रेखा के उत्तरी अक्षांश पर लम्बवत् चमकने लगता है। इस दिन सबसे लम्बा दिन और सबसे छोटी रात होती है। कर्क रेखा पर स्थित क्षेत्रों में 21 जून को दोपहर में परछाई नहीं बनती है इसलिए इसे 'नो शैडो जोन' कहते हैं। अतः तापमान की अधिकता के कारण जैसलमेर में वायुदाब न्यूनतम हो जाता है। 21 जून के बाद सूर्य दक्षिणायन होना प्रारम्भ हो जाता है।*

❑ राजस्थान में शुष्कतम जिला कौनसा है- [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विप) 14.9.2019]

(1) जोधपुर (2) जैसलमेर (3) बाड़मेर (4) बीकानेर

**Ans. (2)**

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या-राजस्थान का सबसे शुष्क जिला जैसलमेर है तथा सबसे शुष्क स्थान फलौदी जिला है।*

❐ **राजस्थान में वार्षिक वर्षा का औसत है ?**

[स्कूल व्याख्याता (Coach)-20.10.2022] [वनरक्षक परीक्षा - 2011]

(1) 48 से 52 सेमी. (2) 63 से 67 सेमी.
(3) 57 से 58 सेमी. (4) 58 से 62 सेमी.

**Ans.** (3)

*व्याख्या- राजस्थान में वार्षिक वर्षा का औसत 57.51 सेमी. (575.1 mm ) है।*

❐ **राजस्थान में औसत वर्षा होती है-**[A.A.O : 29.01.2013]

(1) 89.5 सेमी. (2) 57.51 सेमी.
(3) 117.6 सेमी. (4) 45.3 सेमी.

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान को दो भागों में बाँटने वाली समवर्षा रेखा है?** [अन्वेषक - 27.12.2020][Police Constable- 1998]
[III Grade (Sanskrit) -27.2.2023][जल प्रहरी- 21-10-2018, S-I]
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) 21.9.2019]
[हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग)-22.12.2019]

(1) 25 सेमी. की (2) 50 सेमी. की
(3) 100 सेमी. की (4) 150 सेमी. की

**Ans. (2)**

*व्याख्या - • 10 सेमी. वर्षा रेखा - यह थार के मरुस्थल की पश्चिमी सीमा को निर्धारित करती है तथा भारत-पाक सीमा के सहारे चलने वाली वर्षा रेखा है। राजस्थान में केवल जैसलमेर से गुजरती है।*

*• 25 सेमी. वर्षा रेखा - ये उत्तर-पश्चिमी मरुस्थल को लगभग समान दो भागों में विभाजित करने वाली वर्षा रेखा है। इसके पश्चिम में शुष्क रेतीला मरुस्थल है तथा पूर्व में अर्द्धशुष्क मरुस्थल है।*

*• 50 सेमी. वर्षा रेखा - ये राजस्थान को लगभग समान दो भागों में विभाजित करने वाली वर्षा रेखा है। ये वर्षा रेखा अरावली की पश्चिमी सीमा का (50 सेमी. से कम) तथा पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश की पूर्वी सीमा (50 से 100 सेमी. के मध्य) का निर्धारण करती है।*

❐ **पश्चिमी रेतीले मैदान की पूर्वी सीमा निर्धारित होती है-** [JEN (Mechanical) Diploma- 20.05.2022]
[वनरक्षक-11.12.2022(S-I)][द्वितीय श्रेणी अध्यापक-01.05.2017]

(1) 30 सेमी. वर्षा रेखा से (2) 50 सेमी. वर्षा रेखा से
(3) 60 सेमी. वर्षा रेखा से (4) 20 सेमी. वर्षा रेखा से

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान में समवर्षा रेखाओं का मान किस दिशा की ओर कम होता जाता है-**

[व्याख्याता आयुर्वेद विभाग-11.11.2021]

(1) दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पश्चिम की ओर
(2) दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम की ओर
(3) दक्षिण से उत्तर की ओर (4) पूर्व से पश्चिम की ओर

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान के रेतीले शुष्क मैदान तथा अर्द्ध-शुष्क संक्रमणकालीन मैदानों को कौनसी समवर्षा रेखा अलग करती हैं?** [VDO Mains -09.07.2022]
[सांख्यिकी अधिकारी- 20.12.2021]

(1) 10 सेमी. (2) 50 सेमी. (3) 75 सेमी. (4) 25 सेमी.

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **10 सेमी. की समवर्षा रेखा राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले से नहीं गुजरती है-**

[Research Officer-04.08.2024]

(1) हनुमानगढ़ (2) जैसलमेर (3) बीकानेर (4) गंगानगर

**Ans.** (*) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **30 सेमी. समवर्षा रेखा (औसत वार्षिक वर्षा) निम्नलिखित किन जिलों में गुजरती है-**

[AEN -30.06.2024]

(1) जैसलमेर तथा गंगानगर (2) बाड़मेर तथा सीकर
(3) जोधपुर तथा हनुमानगढ़ (4) गंगानगर तथा पाली

**Ans.** (3)

❐ **राजस्थान के कौनसे जिले 50 सेमी. सम वर्षा रेखा के पश्चिम में अवस्थित हैं?** [Assist.Professor-22.9.2021]

**1. दौसा 2. चूरू 3. हनुमानगढ़ 4. भीलवाड़ा**

(1) 1, 2 और 3 (2) 1, 3 और 4
(3) 2 और 4 (4) 2 और 3

**Ans.** (4)

❐ **निम्नलिखित में से राजस्थान के जिलों का कौनसा समूह दक्षिण-पश्चिम मानसून से औसत वर्षा की मात्रा के अनुसार आरोही क्रम में सही ढंग से व्यवस्थित है-** [II Grade - 30.07.2023 (S- I)]

(1) जयपुर, हनुमानगढ़, बून्दी, बाँसवाड़ा
(2) हनुमानगढ़, जयपुर, बून्दी, बाँसवाड़ा
(3) बून्दी, हनुमानगढ़, जयपुर, बाँसवाड़ा
(4) बाँसवाड़ा, बून्दी, जयपुर, हनुमानगढ़

**Ans.** (2)

Scanned with OKEN Scanner

**व्याख्या-** *जिलेवार औसत वार्षिक वर्षा : एक दृष्टि में*

| जिला | औसत वर्षा | जिला | औसत वर्षा |
|---|---|---|---|
| 1. बाँसवाड़ा | 95.03 | 2. बारां | 87.38 |
| 3. सवाई माधोपुर | 87.34 | 4. प्रतापगढ़ | 84.49 |
| 5. झालावाड़ | 84.43 | 6. चित्तौड़गढ़ | 84.15 |
| 7. बूंदी | 77.34 | 8. धौलपुर | 74.45 |
| 9. कोटा | 73.24 | 10. डूंगरपुर | 72.89 |
| 11. भीलवाड़ा | 68.32 | 12. करौली | 67.07 |
| 13. टोंक | 66.83 | 14. भरतपुर | 66.39 |
| 15. अलवर | 65.73 | 16. उदयपुर | 64.50 |
| 17. अजमेर | 60.18 | 18. सिरोही | 59.12 |
| 19. राजसमंद | 56.78 | 20. जयपुर | 56.38 |
| 21. दौसा | 56.10 | 22. सीकर | 44.03 |
| 23. पाली | 42.44 | 24. झुन्झुनूं | 40.51 |
| 25. जालौर | 37.00 | 26. चुरू | 35.47 |
| 27. जोधपुर | 31.37 | 28. नागौर | 31.17 |
| 29. हनुमानगढ़ | 27.35 | 30. बाड़मेर | 26.57 |
| 31. बीकानेर | 24.30 | 32. गंगानगर | 22.64 |
| 33. जैसलमेर | 18.55 | | |

*Source : Agriculture Statistics 2021-22*

❐ **औसत वार्षिक वर्षा के संदर्भ में निम्न में से कौनसा अवरोही क्रम में सुव्यवस्थित है?**

[Protection Officer - 28.01.2023]

(1) भरतपुर, गंगानगर, जयपुर, जोधपुर
(2) उदयपुर, बीकानेर, पाली, जैसलमेर
(3) भरतपुर, जोधपुर, जयपुर, गंगानगर
(4) उदयपुर, पाली, बीकानेर, जैसलमेर

**Ans. (4)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **निम्नलिखित में से कौनसे जिलों का समूह प्राप्त मानसूनी वर्षा की मात्रा के अनुसार अवरोही क्रम में सही ढंग से व्यवस्थित है ?** [RAS - 01.10.2023]

(1) धौलपुर, राजसमंद, जालौर (2) भीलवाड़ा, बारां, सीकर
(3) राजसमंद, जालौर, धौलपुर (4) पाली, जयपुर, भरतपुर

**Ans. (1)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **निम्नलिखित में से किन जिलों के समूह को उनकी औसत वार्षिक वर्षा के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया है-** [Asst. Professor- 7.1.2024]

(1) बाड़मेर, बूँदी, सीकर (2) जोधपुर, राजसमन्द, उदयपुर
(3) जयपुर, चुरू, अजमेर (4) जोधपुर, उदयपुर, राजसमन्द

**Ans. (2)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान में निम्न में से कौनसा क्षेत्र सर्वाधिक वर्षा प्राप्त करता है-** [पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)]

(1) नागौर (2) बीकानेर (3) राजसमंद (4) चुरू

**Ans. (3)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **'लू' शब्द से क्या तात्पर्य है?** [वनरक्षक परीक्षा - 2011] [CET - 11.2.2023 (S-II)][JEN (विद्युत) डिग्री-29.11.2020]

(1) थार मरुस्थल में चलने वाली हवाएँ
(2) धूलभरी एवं शुष्क हवाएँ/स्थानीय गर्म हवा
(3) जल राशियों से युक्त हवाएँ
(4) समगति से बहने वाली हवाएँ

**Ans. (2)**

***व्याख्या -*** *ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली गर्म व शुष्क हवाओं को 'लू' के नाम से जाना जाता है। मई-जून महीनों में सूर्य की प्रखर किरणों से तप्त राज्य के भू-भाग के वायुमण्डल में कहीं-कहीं संवाहनिक धाराओं की उत्पत्ति हो जाती है। परिणामत: वायु भंवर उत्पन्न हो जाते हैं। लघु क्षेत्र पर इन्हें 'भभूल्या' कहते हैं।*

❐ **राजस्थान में ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली शुष्क गर्म एवं धूल भरी हवाएँ कहलाती हैं-**

[पशु परिचर-1.12.2024 (S-I & II)]
[पशु परिचर-2.12.2024 (S-I)][पशु परिचर-3.12.2024 (S-I)]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (I)]

(1) लू (2) खेजड़ी (3) सुखोवेय (4) कारबुरान

**Ans. (1)** ***व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।***

❐ **राजस्थान में मई-जून महीनों में उत्पन्न होने वाली धूलभरी आँधियों के लिए उत्तरदायी है-**
**1. कुछ स्थानों पर संवहनीय धाराओं की उत्पत्ति।**
**2. अरावली पहाड़ियाँ दक्षिण-पश्चिम हवाओं के समांतर है।**
**3. अति तीव्रगामी पूर्वी हवाओं की उत्पत्ति**

[RAS-05.08.2018]

(1) 1 एवं 3 (2) 1, 2 एवं 3 (3) 1 एव 2 (4) केवल 1

**Ans. (4)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ **राजस्थान में धूलभरी आँधियाँ (Dust Storms) चलने के लिए आवश्यक दशा कौनसी है?**

[स्कूल व्याख्याता परीक्षा-09.01.2020]

(1) उच्च वार्षिक तापान्तर (2) शीत ऋतु में उच्च वायुदाब
(3) संवहनीय क्रियाएँ
(4) तिब्बत के पठार पर निम्न वायुदाब दशाएँ

**Ans. (3)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ **राजस्थान के कौनसे जिलों में अधिकतम वर्षा दिनों की संख्या पायी जाती है?** [कॉलेज व्याख्याता-30.5.2019]

(1) टोंक, सवाई-माधोपुर एवं करौली

(2) झालावाड़, कोटा एवं बारां

(3) सिरोही, उदयपुर एवं राजसमन्द

(4) जयपुर, दौसा एवं भरतपुर

**Ans.** (2)

***व्याख्या*** *- जिला स्तर पर वर्षा होने वाले दिनों की सर्वाधिक संख्या झालावाड़ में 40 दिन, बाँसवाड़ा में 38 दिन तथा सबसे कम जैसलमेर में 5 दिन है। वर्षा के दिनों की संख्या भी दक्षिण व दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम की ओर कम होती जाती है।*

❑ **मानसून पवनें ग्रीष्म ऋतु में बहती हैं?**

[RPSC II Grade Teacher Exam-2010]

(1) पूर्व से पश्चिम (2) दक्षिण से पश्चिम

(3) समुद्र से स्थल (4) स्थल से समुद्र

**Ans.** (3)

***व्याख्या - मानसूनी पवनें :*** *मानसूनी पवनें मौसम के अनुसार चलती हैं। ये 6 महीने समुद्र से स्थल की ओर तथा 6 महीने स्थल से समुद्र की ओर चलती हैं। इनका क्षेत्र व्यापारिक पवनों का प्रदेश है। यहाँ महाद्वीपों और महासागरों की विशेष स्थिति में वायुदाब की ऐसी अवस्थाएँ उत्पन्न हो जाती हैं, जिससे व्यापारिक पवनों का रूप भंग हो जाता है और उनका स्थान मानसूनी पवनें ले लेती हैं। ग्रीष्म में ये पवनें समुद्र से स्थल की ओर चलती हैं जिन्हें 'ग्रीष्मकालीन मानसून' कहते हैं। शीत ऋतु में ये पवनें स्थल से समुद्र की ओर चलती हैं, जिन्हें 'शीतकालीन मानसून' कहते हैं।*

❑ **राजस्थान राज्य में न्यूनतम ग्रीष्म कालीन तापमान आलेखित किया जाने वाला भाग है-** [PTI-23.02.2015]

(1) दक्षिणी भाग (2) दक्षिण पश्चिमी भाग

(3) दक्षिण पूर्वी भाग (4) उत्तर पूर्वी भाग

**Ans.** (2)

***व्याख्या*** *- ग्रीष्म ऋतु में राजस्थान के दक्षिण पश्चिमी भाग में समुद्र के समकारी प्रभाव के कारण तापमान उत्तरी भाग की अपेक्षा नीचे रहता है।*

❑ **राजस्थान में लौटते मानसून की ऋतु है-**

[III Grade (Punjabi) -28.2.2023][पुलिस उपनिरीक्षक-7.10.2018]

(1) जुलाई से अगस्त (2) जनवरी से फरवरी

(3) अक्टूबर से दिसम्बर (4) मार्च से जून

**Ans.** (3)

***व्याख्या*** *- राजस्थान में मानसून का प्रत्यावर्तन काल अक्टूबर से मध्य नवम्बर तक रहता है।*

❑ **पश्चिमी राजस्थान में अल्प वर्षा के लिए निम्न में से कौनसा एक कारण नहीं है?** [JEN - 21.08.2016]

(1) अरावली की अवस्थिति

(2) वृष्टि छाया प्रदेश में अवस्थिति

(3) मानसून आगमन के समय में अति-उष्णता

(4) ग्रीष्मकाल के दौरान उच्च वायुदाब

**Ans.** (4)

***व्याख्या*** *- पश्चिमी राजस्थान में मानसूनी वर्षा कम होने के कारण - वनस्पति रहित आवरण, नग्न चट्टानों एवं अत्यधिक गर्म व शुष्क हवाओं के कारण संघनन की बजाय वाष्पीकरण हो जाता है जिससे सापेक्षिक आर्द्रता 90 प्रतिशत से घटकर 50 प्रतिशत ही रह जाती है। सुदूर पश्चिम में सर्वाधिक वर्षा की परिवर्तनशीलता पाई जाती है।*

❑ **राजस्थान का न्यूनतम वर्षा वाला क्षेत्र है-**

[स्कूल व्याख्याता (Physical Edu.)-21.10.2022]

(1) उत्तरी-पूर्वी (2) दक्षिणी-पूर्वी (3) पश्चिमी (4) दक्षिणी

**Ans.** (3) ***व्याख्या*** *- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान के किस भाग में सर्वाधिक वर्षा की परिवर्तिता पाई जाती है-** (IInd Grade Spc. Edu. 2017)

[Veterinary Officer - 02.08.2020]

(1) सुदूर पश्चिमी भाग (2) उत्तर-पूर्वी भाग

(3) दक्षिणी भाग (4) उत्तरी भाग

**Ans.** (1) ***व्याख्या*** *- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्न में से कौनसा कथन राजस्थान के शरदीय मानसून के संदर्भ में सही नहीं है?**

[CET-G (S-I) - 28.09.2024]

(1) हिमालय के उत्तर में एक अत्यधिक विकसित दबाव केन्द्र सर्दियों में वर्षा को प्रभावित करता है।

(2) समुद्री उच्च दबाव क्षेत्र से स्थलीय निम्न दबाव क्षेत्र की ओर हवाएँ चलने लगती हैं, जिससे बारिश होती है।

(3) स्थलीय उत्पत्ति के कारण हवाएँ शुष्क होती हैं, जिससे वर्षा प्रभावित होती है।

(4) इस अवधि में कुछ हवाएँ भूमध्यसागरीय चक्रवातों के सम्पर्क में आने के बाद वर्षा लाती हैं।

**Ans.** (2)

Scanned with OKEN Scanner

❑ निम्न कथनों में से सही कथन हैं-
[CET-G (S-II) - 28.09.2024]
कथन (1) - बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के मानसून से राजस्थान में वर्षा होती है।
